For this to happen, the entire human community must be joined together through the dynamic of genuine unity in diversity that constitutes a complementary principle of social ecology in human life, uniting all people under nonmilitary democratic world government. Only thus can the Gaia principle become a guiding principle for all human political, ecnomic and social processes. These principles of social ecology are inseparable from the principles of natural ecology. It is necessary to do for humanity what the natural Gaia principle does for nature. The *Constitution for the Federation of Earth* joins the two together to create a truly ecological and sustainable world order.

Conclusion

The *Constitution* and its elaboration through the work of the Provisional World Parliament provide the necessary conditions for a peaceful, prosperous and sustainable world system. Throughout our model, howver, we have assumed the creative input of the human beings with integrity, vision and creative energy who must enliven the system outlined by the *Consti-tution* and the Parliiament. The Earth Federation needs Parliamentarians, Judges, Administrators, Police and Ombudsmen of who are capable of cooperatively working as part of an open ended, democratic learning community informed by the

स्वस्थ जीवन का आधार ईश्वरोपासना, अग्निहोत्र, योगासन-व्यायाम एवं शुद्ध शाकाहारी भोजन

आज के समय की सबसे बड़ी समस्या मनुष्य का स्वास्थ्य ठीक न रहना है। स्वास्थ्य का सम्बन्ध हमारे सुखों एवं दीर्घायु से है। यदि हम स्वस्थ हैं तो हम सुखी हैं और दीर्घायु हो सकते हैं और यदि स्वस्थ नहीं तो फिर रोग के अनुसार हम दुःखी रहते हुए अस्पतालों के भारी बिलों से त्रस्त रहते हुए, अनेकानेक दुःख भोगते हुए असमय मृत्यु का शिकार हो सकते हैं। अतः मनुष्य को सबसे अधिक यदि किसी बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है तो वह है स्वास्थ्य। संबंधी कुद सरल उपायों पर हम आज चर्चा कर रहे हैं जिससे न केवल हमें स्वस्थ जीवन मिलेगा अपितु इससे हमारे इस जन्म के सुखों में वृद्धि होगी और साथ ही हमारा परजन्म भी सुधरेगा। स्वस्थ रहने के लिए पहला आवश्यक उपाय ईश्वर को जानना और उसके अनुरुप भक्ति करना है। ईश्वर भक्ति से मन शान्त रहता है जिससे मनुष्य स्वस्थ रहता है और उसमें रोगोत्पत्ति की सम्भावना कम व न के बराबर रहती है। ईश्वरभक्ति का एक लाभ यह भी होता है कि वह हर स्थिति में प्रायः शान्त व सन्तुष्ट रहता है। ईश्वरभक्त मनुष्य स्वस्थ व अस्वस्थ जीवन को ईश्वर की ही किसी व्यवस्था का परिणाम मानता है जो कि उसके कर्मों से जुड़ी होती है। मनुष्य जब ईश्वर की भक्ति करता है तो स्तुति, प्रार्थना व उपासना करते हुए वह ईश्वर से सुख, शान्ति, निरोग जीवन सहित ज्ञान वृद्धि व सबके सुख की कामना करता है। ईश्वर सर्वव्यापक व सर्वान्तर्यामी होने से उसकी बात सुनता है और भक्त की पात्रता के अनुसार उसे पूरा भी करता है। ईश्वर भक्ति में किसी प्रकार का कोई धन व्यय नहीं होता परन्तु इससे लाभ सबसे अधिक होता है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार मनुष्य को प्रातः व सन्धि वेला में दो समय ईश्वर की भक्ति करनी चाहिये। महर्षि दयानन्द ने ईश्वर भक्ति को सन्ध्या करना बताया है। इसकी सर्वोत्तम विधि भी सन्ध या के नाम से उन्होंने लिखी है जिससे लाभ उठाया जाना चाहिये। यह आवश्यक है कि सन्ध्या के साथ वेद व वैदिक साहित्य का अध्ययन तथा स्वाध्याय भी किया जाये। स्वाध्याय भी एक प्रकार की सन्ध्या ही होती है। इसमें ईश्वर के गुणों का अध्ययन करने पर हमारे ईश्वर विषयक विचार दृण होते हैं, ज्ञानवृद्धि होती है जिसका लाभ ईश्वर का ध्यान करने में मिलता है। स्वाध्याय करने से ईश्वर व जीवात्मा सहित प्रायः सभी विषयों का आवश्यकता के अनुरूप ज्ञान हो जाता है जो जीवन में बहुत लाभ पहुंचाता है। स्वाध्याय के लिए वेद सहित उपनिषद, दर्शन, सत्यार्थप्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, संस्कारविधि, आर्याभिविनय आदि ग्रन्थों का अध्ययन किया जाना चाहिये। अन्य भी अनेक ग्रन्थ हैं जिनसे ईश्वरोपासना एवं जीवन में बहुत लाभ मिलता है।

स्वस्थ जीवन के लिए दैनिक अग्निहोत्र करना भी लाभप्रद होता है। अग्निहोत्र को देवयज्ञ व हवन भी कहते हैं। यह पांच महायज्ञों में मनुष्य का दूसरा प्रमुख कर्तव्य है। इसके करने से वायु की शुद्धि सहित जल की शुद्धि होने सहित अनेक आध्यात्मिक लाभ भी होते हैं। अग्निहोत्र में स्तुति, प्रार्थना, उपासना सहित जो अन्य मन्त्र यज्ञाग्नि में आहुति आदि देने के लिए बोले जाते हैं उनसे भी ईश्वर की प्रार्थना व उपासना होती है। आत्मिक ज्ञान बढ़ने के साथ जीवन की उन्नति होती है जिससे मनुष्य जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होती है। यज्ञ का प्रमुख द्रव्य गोघृत होता है। इसके दहन से वायु में स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाले कीटाणुओं का भी नाश होता है। पर्यावरण प्रदुषण भी नष्ट होता व घटता है। हससे हम रोगों से बचते हैं। इससे हमारे शरीर में गोघृत के सूक्ष्म कणों से मिश्रित शुद्ध वायु प्रवेश करती है जिससे रक्त की शुद्धि होने से अनेक रोग ठीक होते हैं। यज्ञ के समय हम ईश्वर से जो स्वास्थ्य, व्यवसाय, रोगनिवृति, सन्तान के सुन्दर भविष्य व अन्य प्रार्थनायें करते हैं वह भी ईश्वर के सर्वव्यापक होने से सुनी जाती हैं और पूरी की जाती हैं। संक्षेप में यहां इतना ही वर्णन कर रहे हैं। स्वाध्याय करने पर यज्ञ वा अग्निहोत्र का विस्तृत ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है।

मनुष्य का शरीर हाड़-मांस का बना हुआ है। इसे निरोग रखने के लिए आसन व व्यायामों की आवश्यकता है। प्राणायाम भी स्वस्थ शरीर व निरोग जीवन का आधार हैं। प्राचीन काल में रचित अष्टांग योग वा योगदर्शन में महर्षि पतंजलि ने आसन को यम व नियम के बाद तीसरे स्थान पर रखा है। इसका यह अर्थ होता है कि ध्यान व समाधि को सिद्ध करने के लिए पहले यम, नियम व आसनों को सिद्ध करना होगा। यदि यह सिद्ध नहीं होंगे तो ध्यान व समाधि भी सिद्ध

नहीं हो सकती। शायद यही कारण था कि महाभारतकाल व उससे पूर्व हमारे देश के लोग सौ वर्ष से भी अधिक जीवित रहते थे। ऐसा होना उस समय आम बात थी। आज भी यदि हम ऐसा करते हैं तो हम स्वस्थ व निरोग रहते हुए दीर्घायु को प्राप्त कर सकते हैं। योग का प्रचार स्वामी रामदेव जी द्वारा विगत अनेक वर्षों से किया जा रहा है। उनके प्रयासों से आसन व प्राणायाम का विश्व स्तर पर सघन प्रचार हुआ है। आज उनके व प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रयासों से विश्व योग दिवस तक मनायें जाने लगे हैं। योग पूरे विश्व में प्रतिष्ठा को प्राप्त हुआ है जिसका मुख्य कारण इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ व सुखी जीवन को दिया जा सकता है। वैज्ञानिक दृष्टि से भी यज्ञ द्वारा स्वास्थ्य लाभ व सुखी जीवन की पुष्टि हो चुकी है। अतः योगासन व प्राणायाम को भी प्रातः व सायं करने का अभ्यास करना चाहिये। ऐसा करके हम सुखी रह सकते हैं।

स्वास्थ्य में विकार का एक कारण हमारा अभक्ष्य पदार्थों से युक्त व असन्तुलित भोजन भी हुआ करता है। हमें सदैव शुद्ध, पवित्र, शाकाहारी व पौष्टिक भोजन ही करना चाहिये। मांस, अण्डे, मछली, धूम्रपान, असयम भोजन, फास्ट फूड, रसायन युक्त पेय पदार्थ, मदिरा वा शराब आदि से स्वास्थ्य को हानि पहुंचती हैं। दाल, रोटी, हरी तरकारियों से युक्त भोजन, मौसमी फलों सहित गोदुग्ध ा स्वस्थ जीवन का आधार है। बादाम, काजू, किसमिश आदि का सेवन भी करना लाभप्रद होता है। यदि हम समय पर अल्प मात्रा में शाकाहारी भोजन करते हैं तो इससे हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा, रोग होंगे नहीं अथवा कम से कम साध्य कोटि के होंगे जिसे आयुर्वेद व योगाभ्यास से ठीक किया जा सकेगा। इस ओर प्रत्येक मनुष्य को ध्यान देना चाहिये। ब्रह्मचर्य का पालन भी स्वस्थ जीवन का आधार है। श्री राम, श्री कृष्ण, ऋषि दयानन्द, चाणक्य, आचार्य शंकर आदि सभी ब्रह्मचारी थे। ब्रह्मचर्य की शक्ति से ही वह मेधा बुद्धि को प्राप्त कर सके तथा जीवन में अनेक महत्वपूर्ण व मानवता के उपकार के कार्य कर सके। ब्रह्मचर्य का भी जीवन में ध्यान रखना चाहिये। यह आम मनुष्य के लिए भी साध्य है।

स्वस्थ जीवन धारण करने में दिनचर्या का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है। समय पर सोना व समय पर जागना भी मनुष्य को स्वस्थ रखता है। प्रातःकाल भ्रमण करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। ऋषि दयानन्द जी का जीवनचरित पढ़ने पर ज्ञात होता है कि वह प्रातः भ्रमण के लिए जाते हैं। बरेली प्रवास के दौरान स्वामी श्रद्धानन्द जी उनके सम्पर्क में आये थे और उन्होंने स्वामी दयानन्द के प्रातः लगभग 3 बजे भ्रमण पर जाने की दिनचर्या का वर्णन किया है। स्वस्थ व सुखी जीवन की प्राप्ति के लिए किसी मनुष्य को किसी के साथ अन्याय व उसका शोषण नहीं करना चाहिये। जितना बन सके परोपकार के कार्य भी करने चाहियें। सज्जन पुरुषों की मित्रता और दुर्जनों से दूरी रखना भी मनुष्य को सुखी रखता है। हम यह भी अनुभव करते हैं कि मनुष्य को वेद आदि साहित्य के साथ ऋषि दयानन्द, स्वामी श्रद्धानन्द, पं. लेखराम आदि के जीवन चरित भी पढ़ने चाहियें। इनसे हम अपनी दिनचर्या का सुधार कर सकते हैं और अनेक उपयोगी जानकारियों भी प्राप्त कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इन कुछ उपायों पर यदि हम ध्यान देते हैं तो हमें अवश्य लाभ होगा। इसी के साथ इस चर्चा को विराम देते हैं।

dynamics of systems thinking and the principles of holism. We need dedicated people who are willing to beging living from this moment forward according to the ethical and legal principles embodies in the *Earth Constitution.*

Such persons will serve as the sufficient condition for actualizing the unity in diversity of this world system. Such persons in our present historical situation must also serve as the sufficient condition for the ratification and implementation of the *Constitution.* The necessary features of a holistic world system can be described in print. The sufficient conditions for its actualization depend on the love, aspirations, sonscience and intelligence of actual human beings. Within the Earth Federation Movement today, citizens all around the world are actualizing this vision and hve begun living according to the *Earth Constitution* no longer according to the illegitimate and immoral system of warring nation states.

The holism of the new, liberating paradigm discovered by 20th century science was embodies in the *Earth Constitution* by establishing social and economic systems designed to produce the holistic consequences of peace, prosperity, justice, freedom and sustainability. It is this insight that is essential to human liberation. War and poverty are not essential to the human condition but are consequences of the global systems under which we currently struggle. If we establish different systems, different consequences will follow. You as reader are engaging the most important document of the 20th century, which can form the bases for a new and liberating world system in the 21st century.

ऋषि जन्म दिवस

वैदिक जीवन पद्धति को अपनाने करने का संकल्प दिवस

आज ऋषि बोधोत्सव ऋषि जन्म भूमि टंकारा सहित देश देशान्तर में मनाया जा रहा है। आज शिवरात्रि के ही दिन आज से 179 वर्ष पूर्व ऋषि को टंकारा के शिव मन्दिर में शिव की मूर्ति के सम्मुख यह बोध हुआ था कि शिव व अन्य किसी देवता की मूर्ति की पूजा करना मनुष्य के लिए किसी भी प्रकार से लाभप्रद नहीं है। उन्होंने इस बोध के होने पर अपना सारा जीवन ईश्वर के सच्चे स्वरूप के ज्ञान व उसकी उपासना विधि को जानने में लगाया। कालान्तर में उनको सत्य ज्ञान प्राप्त हुआ कि ईश्वर तो सच्चिदानन्दस्वरूप, सर्वज्ञ, निराकार, सर्वशक्तिमान, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर अभय, नित्य, पवित्र व सृष्टिकर्ता आदि गुण, कर्म व स्वभाव वाला है। उसी की उपासना हमें महर्षि पतंजलि के योगदर्शन व ऋषि दयानन्द जी द्वारा वेदों के आधार पर रची गई 'सन्ध्या विधि' से करनी चाहिये। ईश्वर के सत्य स्वरूप, मनुष्य के कर्तव्य व ईश्वर की यथार्थ उपासना विधि को जान लेने के बाद उन्होंने अपने वेद, वैदिक शास्त्रों और योग विद्या आदि के ज्ञान से संसार के लोगों को अवगत कराया। उन्होंने मौखिक प्रचार किया और साथ ही वेद प्रचार को स्थायीत्व प्रदान करने के लिए सत्यार्थप्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, वेदभाष्य, संस्कारविधि, आर्याभिविनय, व्यवहारभानु सहित अनेक ग्रन्थो की रचना की। महर्षि दयानन्द ने वेद ज्ञान सहित इतर जितना भी ज्ञान प्राप्त किया वह सब शिवरात्रि के दिन हुए उस बोध का ही परिणाम था और इसमें शिवरात्रि के बाद घटी दो घटनाओं, बहिन की अचानक हैजे से मृत्यु और चाचा की मृत्यु भी, रहीं जिससे उन्हें संसार से वैराग्य हो गया था।

ऋषि बोधोत्सव का दिन हमें जीवन में एक संकल्प लेने का दिन प्रतीत होता है। संकल्प इस बात का कि हम ऋषि के जीवन चरित का अध्ययन कर अपने जीवन को भी वेद ज्ञान से सुशोभित व सुरभित करेंगे। ईश्वर भक्त बनेंगे और वेद ज्ञान का प्रचार व प्रसार करेंगे जो कि प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। हमें दो सुधार करने हैं प्रथम अपना सुधार। इसके लिए हमें स्वयं को वेदों की शिक्षाओं के अनुरुप विचार एवं आचरण वाला बनाना होगा और द्वितीय हमें यथाशक्ति आर्यसमाज के संगठन के अन्तर्गत संगठित होकर, लोकैषणा का त्याग कर, वैराग्यवान होकर वैदिक विचारधारा का जन जन में प्रचार करना है। दूर दूर तक न सही, अपने आसपास के लोगों को अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से तो हम प्रभावित कर ही सकते हैं। चारों वेदों के साक्षात्कृतधर्मा ऋषि महर्षि मनु ने कहा है कि 'वेदखिलो धर्मऽमूलम्' अर्थात् वेदों का ज्ञान व आचरण ही मनुष्य के धर्म का मूल अर्थात् आधार है। वेद ज्ञान से रहित मनुष्य पशु समान होता व हो जाता है। यदि कोई मनुष्य सद्गुणों से विभुषित है और वेदों से उसका सम्पर्क नहीं है, तो यह मानना चाहिये कि वेदों से निकल कर वह गुण उस व्यक्ति तक उसके माता–पिता व आचार्यों के द्वारा व पूर्व जन्म के संस्कारों वा ईश्वर की कृपा से ही पहुंचे हैं। सत्य बोलने और धर्म पर आचरण की शिक्षा का आरम्भ वेद ज्ञान से ही हुआ है। आज यदि वेदानभिज्ञ मनुष्य इसका समर्थन करते हैं तो भले ही उनको इस बात का ज्ञान न हो परन्तु यह शिक्षा उन तक वेदों से ही चलकर पहुंची है, ऐसा जानना व मानना चाहिये। अतः वेदों की सभी मान्यताओं व सिद्धान्तों का प्रचार संसार में होना चाहिये। वेदों के नाम से यदि प्रचार होता है तो इससे लोगों को यह लाभ होगा कि उन्हें वेदों के महत्व का ज्ञान भी होगा और वह अपनी प्रत्येक भ्रान्ति को वेदाध्ययन व वेद की सहायता से दूर कर सकते हैं।

अपने सीमित वेदाध्ययन से हम यह भी अनुभव करते हैं कि जो लोग वेद ज्ञान से दूर हैं वह अनेक प्रकार की भ्रान्तियों से ग्रस्त हैं। हमें यह मनुष्य जीवन हमारे पूर्व जन्मों के सद्कर्मों के आधार पर मिला है। हमारे जीवन के सभी सुख व दुःख हमारे पूर्व व वर्तमान जीवन के कर्मों का ही परिणाम हैं। हमारा परजन्म, मृत्यु के बाद होने वाला जन्म, भी हमारे इस जन्म व पूर्व के अभी न भोगे गये कर्मो के आधार पर ही होगा। अतः हमें अपने कर्मों पर ध्यान देना आवश्यक है। यह कार्य केवल वेदों व ऋषियों के ग्रन्थों के अध्ययन से ही सम्भव हो सकता है। श्रेष्ठ परजन्म के लिए हमें ईश्वरोपासना एवं यज्ञादि कर्मों में रूचि लेनी होगी और पंचमहायज्ञों के सम्पादन में प्रमाद से बचना होगा। इसके लिए ऋषि ग्रन्थों का अध्ययन कर अपने ज्ञान को बढ़ाया जा सकता है। उपनिषद एवं दर्शनों का अध्ययन भी हमारे कर्तव्यों के

बोध में अत्यधिक सहायक होता है। इन सभी ग्रन्थों के अध्ययन से किसी को भी विमुख नहीं होना चाहिये। ऋषि दयानन्द बोध से हमें यह भी प्रेरणा मिलती है कि हमें एकांगी नहीं अपितु सर्वांगीण जीवन व्यतीत करना है। हमें स्वास्थ्य के सभी नियमों का पालन करते हुए स्वस्थ रहते हुए अपनी आयु को बढ़ाना है अर्थात् अपनी आयु को किसी बुरे कर्म से घटाना नहीं है। वेद एवं वैदिक ग्रन्थों का स्वाध्याय कर हमें अपने कर्तव्यों का ज्ञान प्राप्त करना है एवं उन सभी कर्तव्यों का यथाशक्ति पालन करना है। सभी मनुष्यों को अविद्या के नाश व विद्या की वृद्धि के लिए पुरुषार्थ करना चाहिये। यह बोध भी ऋषि दयानन्द जी ने हमें कराया है। इसका एक अर्थ यह भी है कि हमें अवैदिक वा वेदविरुद्ध विचारों का खण्डन और वेद सम्मत विचारों व मान्यताओं का युक्ति, तर्क व प्रमाणों से मण्डन करना है। हमें मूर्तिपूजा के साथ व्यक्तिपूजा, कब्र पूजा, मृतक लोगों के चित्रों की पूजा आदि का खण्डन करना होगा। ईश्वर के स्थान पर आज लोग अपने अपने गुरूओं की पूजा को ही ईश्वर स्तुति–प्रार्थना–उपासना का पर्याय मानने लगे हैं, उनसे भी लोगों को सावधान करना होगा। इन अंधविश्वासों से देश कमजोर हो रहा है। लोगों का बहुत सा समय इन गुरुओं की शरण में उनका भजन–कीर्तन आदि में व्यर्थ होता है जिससे देश के आगे बढ़ने में रूकावट आती है। ऐसे लोग देशोन्नति में अधिक सहायक नहीं होते हैं। हमने अनुभव किया है कि यूरोप की प्रगति में संगठित ज्ञान विज्ञान के अध्ययन, विचार–विनिमय, गोष्ठी आदि के द्वारा उन्नति का विशेष योगदान है। यह सभी लोग अन्धविश्वासों से प्रायः मुक्त थे। ऐसे ही देशवासी हमारे देश को भी उन्नति के पथ पर ले जा सकते हैं। इसका भी आंकलन कर हमें प्रचार करना चाहिये और लोगों को मिथ्या पूजा व उपासना से हटा कर वेदसम्मत योगविधि व सन्ध्या आदि के द्वारा ईश्वर उपासना का प्रचार करना है।

ऋषि जीवन ने देश को जो ज्ञान व दर्शन दिया है उसके आधार पर वैदिक धर्म संसार का ज्ञान व विज्ञान से युक्त एकमात्र धर्म सिद्ध होता है। वेद प्रचार की न्यूनता ही है कि देश व विश्व में आज भी अज्ञान, मिथ्या मत–मतान्तर, मिथ्यापूजापाठ व इनकी जननी अविद्या विद्यमान है। वेद प्रचार को कैसे अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाया जाये इस पर आर्यसमाज व ऋषिभक्तों को विचार करना है। देश में हिन्दुओं की घट रही जनसंख्या व दूसरे मतों की संख्या में वृद्धि भी हमारे लिए विचार व चिन्तन का विषय होनी चाहिये। इसके भविष्य में दुष्परिणामों पर भी हमें विचार करना चाहिये और आवश्यक उपाय करने चाहिये जिससे आर्य हिन्दु समाज अल्पसंख्यक होने से बच सके। अल्पसंख्यक होने का क्या दुष्परिणाम हो सकता है, यह विश्व के विगत एक डेढ़ हजार वर्षों के इतिहास के अध्ययन से जाना जा सकता। अवैदिक पूजा, असंगठन, सामाजिक विषमता आदि का परिणाम ही तो हमने विगत लगभग 1 हाजर वर्षों तक भोगा है जिसमें विधर्मियों की गुलामी, अन्याय व अत्याचार सम्मिलित हैं। हमें लगता है कि हमने इन घटनाओं से कोई शिक्षा नहीं ली है। आज भी हम उन विधर्मियों की पराधीनता व उनसे मिले दुखों के कारणों का ही सेवन कर रहे हैं। अतः ऋषि बोध दिवस पर हमें सभी क्षेत्रों में सावधान होना है।

Study of the *Constitution for the Federation of Earth* repays the student richly. For a model of a future world order emerges that not only transforms the fragmented and outdated paradigms of the present world disorder but shows itself to be entirely practical and imminently possible under the guidelines provided by Articles 17 and 19. The coneptual model presented here and affimed by the Provisional World Parliament at its 12th session in Kolkata, India, in 2010 presents only the highlights of the integrated planetary system initiated by the *Earth Constitution* and the Provisional World Parliament. I hope that the parameters of this model that I have sketched in this document may inspire people to evermore intensive study of the *Earth Consitution* and modeling of the transofrmed world system that it engenders.

As people begin to understand the vision, there is tremendous urgency that they also act on that vision with creativity, integrity and energy. The *Constitution* must be ratified in a founding ratification convention according to the Protocols already developed by the Provisional World Parliament. It converts the present failed world system to peace, prosperity, justice, freedom and sustainability. It replaces the U.N. Charter, with real democratic government keeping the valuable agencies of the U.N. as ministries of the Earth Federation. You are about to read the most important document produced by the 20th century- the document that will provide the foundation stone for the paradigm shift of the 21st century. *Nothing less than the fate of humanity and our precious planet Earth are at stake. We invite your participation. We invite you to a life of "civil obedience".*

वैदिक नित्यकर्म

नित्यकर्मों का आदेश एवं महत्व - मानव का परम लक्ष्य है - मोक्ष प्राप्ति। वैदिक नित्यकर्म मोक्ष प्राप्ति के सोपान हैं। वेदोक्त कर्मों के विधान का उद्देश्य है- मनुष्य का ऐहिक और पारमार्थिक कल्याण करना, मनुष्य को वास्तव में मनुष्य बनाकर उसे मुक्ति प्राप्त कराना।

संसार में प्रत्येक मनुष्य सुख-शान्ति, आरोग्य, समृद्धि और मुक्ति की कामना करता है। इनकी प्राप्ति के लिए मनुष्य को चाहिए कि वह श्रुति, स्मृति विहित नित्य कर्मों का निष्ठापूर्वक पालन करें। विशेषतः उपासक के लिए तो नित्यकर्मों समयानुसार पालन करना आवश्यक है, क्योंकि ये नित्य कर्म उपासना के सहायक और पूरक कर्म हैं। इनके बिना उपासना की उपयुक्त मनोभूमि और बाह्य वातावरण नहीं बन पाते। जो मनुष्य इनका भली-भाँति अनुष्ठान करते हैं, वे सुख-शांति, आरोग्य, समृद्धि के साथ पूर्ण आयु प्राप्त करते हैं और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उनकी धर्म-अर्थ-काम-मोक्षरूप पुरुषार्थ चतुष्टय की सिद्धि हो जाती है।

मनुस्मृति में मनु महाराज ने आदेश दिया है-

वेदोदितं स्वकं कर्म नित्यं कुर्यादतन्द्रितः ।
तद्धि कुर्वन यथा शक्ति प्राप्नोति परमां गतिम।।- मनु. ४।१४

अर्थात- मनुष्य वेदोक्त कर्मों को, जो कि मनुष्यों के लिए विहित हैं, प्रतिदिन आलस्य रहित होकर करे। अपने सामर्थ्य के अनुसार प्रतिदिन उन्हें करने वाला मनुष्य परमगति अर्थात मोक्ष को प्राप्त करता है।

वेदविहित आचरण धर्माचरण के पर्याय हैं और वैदिक नित्यकर्म धर्माचरण के पूरक। यही कारण है कि सबी वेदोक्त कर्म शब्द है? जिसमें संसार की सभी उत्तम बातें समा जाती हैं। धर्म का मार्ग एक ऐसा मार्ग है, जिसमें संसार के सभी अच्छे मार्ग समा जाते हैं। इसी के पालन से मनुष्य- मनुष्य बनता है। मनुर्भव - ऋ१०।५२।६अर्थात- मनुष्य बन

और मनुष्य बनने का सही उपाय है धर्माचरण, अर्थात वेदोक्त कर्मों का पालन। धर्म के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए श्रुति-स्मृतियों ने मनुष्य की दिनचर्या का भी निर्धारण किया है।

१. शौच, २. दन्तधावन, ३. व्यायाम, ४. स्नान, ५. पुनः स्वाध्याय, योगाभ्यास, आदि, ६. दैनिक पञ्चमहायज्ञ- (क) ब्रह्मयज्ञ (सन्ध्योपासन और स्वाध्याय), (ख) देवयज्ञ (अग्निहोत्र), (ग) पितृयज्ञ, (घ) बलिवैश्वदेवयज्ञ, (च) अतिथि यज्ञ.

७. तत्पश्चात भोजन तथा अन्य कार्य।

रात्रिकालीन दिनचर्या

रात्रि में (दस बजे के लगभग) शयन करें। शयन से पूर्व अपनी शय्यां पर बैठ शिवसंकल्प मन्त्रों से प्रार्थना करने से मन शुद्ध, पवित्र और शांत होता है। स्वपनिकालीन अशांति, बुरे स्वप्नों का आना आदि दूर हो जाते हैं। प्रातः उठते समय सुख-शांति का अनुभव होता है, क्योंकि मनुष्य सोते समय जैसी भावना लेकर सोता है, सोते हुए अचेत मन में वैसी ही भावनाएं सक्रिय होती रहती हैं। इधर-उधर भटकते मन को शिवसंकल्प मन्त्रों द्वारा वश में करके सोने से मन शान्त हो जाता है।

शराब को रोकिये और शिक्षा में नैतिक मूल्यों का

बलात्कार की घटनाओं से व्यापक रोष और सामाजिक संसदीय, प्रशासनिक स्तर पर आगे इसे रोकने के उपायों पर मंथन सराहनीय है। बलात्कारियों को फाँसी देने की माँग संसद से सड़क तक उठ रही है। और तो और स्वयं बलात्कार की घटना का आरोपी भी अपने लिए फाँसी का सज़ा माँग रहा है- उनके परिवार वाले भी कुछ ऐसी ही भाषा बोल रहे हैं। दूसरे जो फाँसी की सज़ा के सिद्धांत रूप से खिलाफ हैं, वे अपाधियों के बंध्याकरण और अथवा आजीवन कारावास की सज़ा का समर्थन कर रहे हैं।

स्वामीजी ने कहा कि बलात्कार जैसे अमानवीय अपराध को रोकने के लिए जहाँ बहुत से उपाय ज़रूरी हैं, वहीं एक महत्वपूर्ण कारगर उपाय है शराब के उत्पादन, वितरण, एवं उपभोग पर पाबंदी के लिए जन चेतना जगाना और उस दिशा में समाज, सरकार था उद्योग जगत को मिलाकर कदम उठाना। क्या स्कूली बच्चों के पाठ्यपुस्तकों में कतिपय कार्टूनों से उद्वेलित हो जाने वाले सांसद एक बार यह भी पूछेंगे कि और अच्छी बातों के साथ हम अपने बच्चों को क्यों नहीं पढ़ाते महात्मा गांधी इसे शरीर और आत्मा दोनों के विरुद्ध अपराध और पाप बताते हैं। फिर पाठ्यपुस्तकों में इस बुराई से बचने-बचाने की सीख क्यों नही है?

क्या हो गया इस देश की महान संस्कृति को कि दुनिया को ब्रह्मचर्य, सदाचार और संयम का पाठ पढ़ाने वाला भारत आज विकास के नाम पर शराब की नदियों में गोते लगा रहा है- सुरा और सुंदरी की अपसंस्कृति का आभूषण पहन इतरा रहा है।

మాంసాహారమును విడిచి - శాఖాహారమును స్వీకరించవలెను అసలు ఎందుకు ?

ఈ సమస్త కష్టకారక పరిస్థితుల మధ్య కూడా "ఆశ" అనే ఒక కిరణం మెరుస్తున్నట్టుగా కనిపిస్తున్నది. ఈ దేశము విదురుడు, చాణక్యుడు, దయచందుడు, రవీద్రానాథ్ ఠాగూర్ మరియు గాంధి యొక్క దేశము. ఇది "ఏకలా చలోరే" ఒక్కడివే నడువు అనే మాటను విశ్వసించును. చెడుకు ప్రారంభము సమూహము నుండి మరియు మంచి కేవలము ఒక్కరితోనే ప్రారంభించబడుతుంది దీనికి చరిత్ర సాక్ష్యము. శాఖాహారి ఆందోళనమును ఒకరు లేక ఇద్దరు వ్యక్తులు ప్రారంభించినా అవి తీవ్రమగును., వ్యాపకమగును, ప్రభావము చూపును మరియు సఫలమగును ఎందుకనగా దానితో విజ్ఞాన మున్నది, ఆధ్యాత్మమున్నది, చికిత్సాశాస్త్రమున్నది, అర్థశాస్త్రమున్నది, నైతికత్వము మరియు మానవత్వమున్నది. ఎప్పుడైతే ఈ దేశము మాంసాహారమనే శాపము నుండి ముక్తిని పొందునో అప్పుడు పశు సంపదలో అనుకున్నంత మాంసా హారమనే శాపము నుండి ముక్తిని పొందునో అప్పుడు పశు సంపదలో అనుకున్నంత వృద్ధి జరుగును మరియు పాలు, పెరుగు, నెయ్యి మొదలైన వాటి నదులు మళ్ళీ ప్రవహించును, ఏ పసి పిల్లలు మరియు ప్రసవించిన ఏ తల్లి కూడా వీటి నుండి వంచితులై ఉండరు. పేదతో ఎంత వంట గ్యాసు, కరంటు మరియు ఫ్యూల్ లభించునంటే గ్యాస్ సిలండర్ కొరకు లైన్ కట్టేపని ఉండదు, కరంటు బిల్లు ఇబ్బంది పెట్టదు, డీజిల్ పెట్రోల్‌ను విదేశాల నుండి తెప్పించే అవసరమూ ఉండదు. స్వదేశీ ఎరువు ఎంత తయారవు తుందంటే రాసాయనిక ఎరువులపై ఆధారపడ నవసరము ఉండదు, వ్యవసాయ భూమి బీడుగా మారకుండా కాపాడబడును, ఏ వందల కోట్ల రూపాయల సబ్సీడీని రాసాయనిక ఎరువుల పరిశ్రమలకు ఇస్తారో అది అంతా మిగిలిపోవును. సేంద్రియ ఎరువులతో ఉత్పన్నమైన ఆరోగ్యవంత మైన అన్నము అనగా బియ్యము, పప్పులు, కూరగాయలు, పాలు, పండ్లు, మేత, నూనె మొదలైనవి లభించితే సమస్త రోగాల నుండి ముక్తి స్వతఃగానే లభించును. పంచగవ్య ములను (ఆవు పాలు, పెరుగు, నెయ్యి, మజ్జిగ మరియు మూత్రము) సేవించడము వలన ఎలోపేథిక్ చికిత్సను విడిచి ఆయుర్వేదమును పునః స్థపించడముచేత మళ్లీ ప్రతీ సంవత్సరము వేల కోట్ల రూపాయల విదేశీ ధనాన్ని కాపాడుకోవచ్చును. పర్యావరణము ప్రదూషణము నుండి ముక్తిని పొందితే గంగా, యమునా, గోదావరి మొదలైన నదులు కూడా స్వచ్ఛముగా, శుద్ధముగా, పవిత్రముగా మారును. మానసిక స్థితి సాత్వికము కావడముచెత అపరాధ మానసిక వృత్తుల గ్రాఫ్ పడిపోవును మరియు ఆధ్యాత్మము బలపడును, మద్యపానముతో ముక్తి లభించును ఎందుకనగా మద్యపానానికి మాంసాహారానికి దగ్గర సంబంధము కలదు.

గోహత్య వలన ఏ సాంప్రదాయిక సుహృత భావము చెడిపోవుచున్నదో, సాంప్రదాయిక అల్లర్లు జరిగే అవకాశమున్నదో అది తనంతట తానే సమాప్తమగును. గోమయముపై ఆధారపడిన లఘు పరిశ్రమలు ఉదా: సబ్బులు, కాగితము, గ్యాస్, ప్లాయి, ఇటుకలు వీటి నిర్మాణము చేత గ్రామీణ ప్రాంతాలలోనే జీవనోపాధి కొరకు కొత్త ఆశలు చిగురిఇచును. దీని వలన నగరాలవైపు గ్రామీణుల వలస ఆగిపోవును. భూకంపాలు, సుడిగాలులు, అకాల దుర్భిక్షము మొదలైన వినాశకారక ప్రాకృతిక ఆపదల నుండి ముక్తి లభించును. పక్క దేశాలలో జరిగే పశువుల దొంగ వ్యాపారము నుండి ముక్తి లభించును. దీని వలన రాజ్యాంగము లేక నీతి పట్ల విశ్వాసము మరియు గౌరవము కూడా పెరుగును. దేశము యొక్క మాంసము, తోలు పరిశ్రమ, రాసాయనిక ఎరువులు, మద్యము, ట్రాక్టరు మొదలైన వాటితో పొందే ధనము నుండి ఏ ఎన్నికల పద్ధతి భ్రష్టుపట్టుచున్నదో అది శుద్ధమగును. ఇదే ఆ ప్రశస్త పథము. దీని వలన భారతదేశము యొక్క ఆర్థిక వ్యవస్థలో కోరుకున్న మార్పులు తీసుకువచ్చి ఈ దేశము మళ్ళీ బంగారు పిట్టగా, స్వర్ణభూమిగా, దేవభూమిగా మారును. భారతదేశంలో వనరుల లోటు లేదుకాని ప్రగతిశాల దృష్టికోణము, రచనాత్మక రీతి నీతుల మరియు సకారాత్మక శక్తి యొక్క లోటు కలదు. ఈ లోటును ఈ దేశము యొక్క ప్రాచీన జీవన మూల్యములను స్వీకరించడము చేతనే దూరము చేయవచ్చును. ఈ దేశము యొక్క ప్రాణము వేదాలలో, ఉపనిషత్తులలో, దర్శనాలలో, స్మృతులలో, రామాయణములో మరియు భగవద్గీతలో ఉండును అందువలన భారతదేశము యొక్క అభివృద్ధి బాట ఈ ప్రాణముల గుండానే మొదలగును. ఆధునిక విజ్ఞానము, చికిత్సా శాస్త్రము, అర్థశాస్త్రము, సమాజ శాస్త్రము మరియు మానవ శాస్త్రము ఈ సత్యాన్ని తెలుపుతున్నది. గొప్ప సంతులు, సంప్రదాయులు ఈ దేశంలో ఏ సామాజిక, సమన్విత సంస్కృతిని సృజించారో అది కూడా ఈ వైపే చూపిస్తున్నది. మీతో ప్రార్థన -

మనము ఎక్కడైతే ఉన్నామో ఒక్కరమే ఉండని లేదా ఏదైనా సంగఠనం, సంస్థానము, సంప్రదాయము లేదా సమూహముతో కూడి ఉన్నాము. స్వహితము, సమాజ హితము, రాష్ట్రహితము మరియు ప్రపంచహితము కొరకు మన ప్రథమ రక్తవ్యము ఏమిటంటే మనము ఏ కారణము చేతనైనా మాంసాహారులమైతే ఆ కారణము యొక్క నిరుపేక్ష చేసుకొనవలెను. రెండవ కర్తవ్యము ఏమిటంటే తన సాంప్ర దాయము లేక జాతిగత సమాజము, సంస్థానము, సంగతనము మాంసాహారమును విడిచి శాఖాహారమును స్వీకరిఇచాలని శ్రద్ధతో నిష్ఠతో ప్రయత్నము చేయవలెను. ఈ కార్యము విఫలమైనా కూడా పరవాలేదు. మూడవ కర్తవ్యము ఏమిటంటే మన స్తరానుగుణంగా ఫేస్‌బుక్, వెబ్‌సాయిట్, ఇంటర్‌నెట్ మొదలగు ఆధునిక సంచార సాధనాల ప్రయోగము శాఖాహార ప్రచారము కొరకు చేయవలెను. మన నాల్గవ కర్తవ్యము ఎలక్ట్రానిక్ మీడియా, సోషల్ మీడియా, ప్రెస్‌మీడియా, ఫిల్మ్ ఇండస్ట్రీ వారిని ఎట్టి పరిటస్థితుల్లోనైనా మాంసాహారానికి ప్రోత్సాహనము ఇవ్వకూడదని మరియు

శాఖాహార ప్రచారములో సహాయకులు కావాలని తయారు చేయాలి. మన ఐదవ కర్తవ్యమేమనగా మన ముందు ఎంత భయంకరమైన కఠిన పరిస్థితులు వచ్చినా మనము ఏ కనిష్ఠ భావముతో శాఖాహారమును ఒక మిషన్ వలె ఒక జీవనపద్ధతివలె ఎల్లప్పుడూ కాపాడవలెను. మన ఆరవ కర్తవ్యమేమిటనగా తన ఆర్థిక సామర్థ్యము సారముగా తమ స్వయముగా లేక ఎవరితోనైనా కలిసి లేక తన సంగఠనము, సంస్థానము నుండి ఈ పుస్తకము యొక్క హిందీ లేక ఇంగ్లీష్, ఉర్దూ, పంజాబీ, బెంగాళీ, గుజరాతీ, మరాఠీ, తమిళము, తెలుగు, కన్నడ, ఉడియా, అస్సామీ మొదలగు భాషలలో అనువాదము లేక ప్రకాశనము చేయించి దీనిని అధికాధిక సంఖ్యలో నిశ్శుల్కము వితరణ చేయవలెను ఇతరులను ఇలా చేయడానకి ప్రేరేపించవలెను. ఈ పుస్తకము యొక్క సారాంశమును కూడా ఒకటి రెండు పేజీల కరపత్రాల వలె ముద్రణ చేయించి పంచవచ్చును. ఈ విధమైన ముద్రిత సామగ్రి యొక్క సూచన మన మిషన్ యొక్క ముఖ్యాలయముకు కూడా పంపవలెను. మన ఏడవ కర్తవ్యము ఏమనగా శాఖాహార విషయాన్ని తీసుకొని వివిధ స్థలాల నుండి సెమినార్‌లు నడిపించాలి, శాఖాహార సమ్మేళనాలను ఏర్పాటు చేయాలి, ప్రచార యాత్రలు తీయవలెను, ముఖ్య మార్గములలో లేక స్థానాలలో పొస్టర్లు, హోర్డింగులు అతికించాలి. ఎందుకనగా మనము మాంసాహారాన్ని విడిపింపజేయాలి అందుకు మన శ్రద్ధ మరియు ప్రచారము మాంసాహారా జనుల క్షేత్రములో నమాజములో, సాంప్రదాయములలో, జాతులలో వారి మాతృభాషలోనే చేయవలెను. ఏ సముదాయ మైతే నిరక్షరాస్యులో అక్కడ ప్రచారము యాత్రల చేత, సమ్మేళనాల చేత, సంగోష్ఠుల చేత చేయవలెను.

శాఖాహారి మిషన్ ఒక సమగ్ర ఆందోళన వలె నడువలెను అందుకు ఒక విశేష సంస్థ దీని శ్రేయస్సును సమకూర్చడం నుండి కాపాడవలెను. ఈ కార్యానికి సంబంధించిన నమస్త సంగఠనములు తమ తమ స్తరానుగుణంగా ఏది సరియైనదో అదే విధంగా చేయవలెను. ఈ కార్యము ధనసంపాదనకో శ్రేయస్సును పొందడానికో లేక ఏదైనా స్వార్థపూర్తి కొరకో కాకుండా నమస్త మానవ కళ్యాణము కొరకు స్వీకరించవలెను. ఈ పని యొక్క ఒకే ఒక్క ఉద్యేశ్యమేమిటంటే నూంసాహారాన్ని విడిపించ వలెను అందుకు ఏదైనా విశేష సాంప్రదాయము యొక్క లేక సముదాయము యొక్క ధార్మిక భావనలు దెబ్బ తినకుండా శ్రద్ధ తీసుకొనవలెను. ఈ పూర్వాగ్రహముతో లేక కోపముతో కాదు. మనము ఈ విషయముపై కూడా శ్రద్ధవహించ వలెను. ఏమిటంటే కేంద్ర ప్రభుత్వములోనో లేక రాష్ట్ర ప్రభుత్వములోనే ఎల్లప్పుడు ఈ విధమైన కుచేష్టలు నిండి ఉండును. అవి మన వ్యక్తిగత హితములను, మన రాజనీతి హితములను మరియు మనకు నచ్చిన ఉద్యోగపతుల హితములు అన్నింటికన్నా గొప్పవని అనుకొని మాంసాహారమును మరియు మద్యపానమును అత్యధికముగా ప్రచలితము చేయడానికి, రాసాయనిక ఎరువుల మరియు ట్రాక్టర్ల ఉపయోగమును ప్రోత్సహించే చెడు నీతులను తయారు చేసి వాటిని క్రియాన్వితము చేసే దిశలో సక్రియులై ఉందురు. ఉదాహరణకు మీరందరు ఫిబ్రవరి, 2013 రెండవ వారంలో 'అమర్ ఉజాలో' మరియు 'దైనిక్ జాగరణ్' మొదలగు పత్రికల్లో ముద్రింపబడిన ఈ సమాచారము తప్పక చదవి ఉండవచ్చు ఏమనగా కేంద్ర ప్రభుత్వము తన స్తరానుగుణంగా గోమాంసమును తినే సలహా ప్రజలకు ఇస్తున్నది. కేంద్ర ప్రభుత్వము యొక్క అల్పసంఖ్యాక మరియు బాల వికాస మంత్రాలయము ఉత్తర్ ప్రదేశ్‌లో అల్పసంఖ్యాక బహుళ క్షేత్రాలలో శరీరంలో ఆక్సీజన్ సంరక్షణకు మరియు రక్తము తయారు కావడానికి ఆకు కూరలతోనే కోడి మాంసము మరియు ఆవు మాంసమును తినుమని సలహా ఇస్తున్నవి, ఈ సలహాను ధైర్యంగా పత్రములను పంచి చేయుచున్నారు. ఎప్పుడైతే హిందూ సంగవనములు దీనికి విరుద్ధంగా గొంతు ఎత్తారో, ప్రదర్శనలు చేసారో, ఈ విషయాన్ని పార్ల మెంటులో లేవనెత్తారో అప్పుడు ఆకరపత్రాలపైన ఆంక్ష విధించారు మరియు ఎవరి దగ్గరైతే ఈ కరపత్రాలు ఉన్నాయో వాటిని ప్రశాసవముకు తిరిగి ఇవ్వమని విజ్ఞప్తి చేశారు. ఈ సంఘటన మవానా (మేరఠ్) క్షేత్రానికి సంబంధించినది మరియు ఈ విషయము అందరికి తెలిసినదే ఉత్తర ప్రదేశ్‌లో గోహత్యకు విరుద్ధ ఆంక్షలు ముందు మండే ఉన్నాయి. ఉత్తరప్రదేశ్ అలహాబాద్ (ప్రయాగరాజ్)లో మహకుంబ మేళా జరుగుతూ ఉండేను అక్కడ హిందూ సంత మహాత్ములు మరియు శ్రద్ధాలు జనులు కోట్ల సంఖ్యలో ఉపస్థితులై ఉండెను. ఇటువంటి సమయమున ఈ కుచేష్టలు ప్రాంతానికి ఎంత కష్టదాయకమైయ్యేవి. ఈ విధంగా ఈ అభిమాన్ యొక్క సంయోజకులు అర్థము చేసుకోలేరా. ఇటువంటి ఉద్దండ పూరితమైన వనులను సాధారణంగా ప్రభుత్వము దగ్గర ఉన్న ఉద్దండ తత్వములు తెలిసి చేస్తూ చేయిస్తూ ఉంటా. "నండే హోయా మండే ఖూబ్ భావో అండే" అనే విషయాని టీ.వీ. చానల్ల ద్వారా లేక పత్రపత్రికల ద్వారా ప్రచారాన్ని కూడా ఈ దుష్ట శక్తుల చేతనే జరిగినది. ఢిల్లీలో ఆయోజింప బడిన రాష్ట్ర మండల ఆటల నందర్భమున విదేశీ ఆటగాళ్లకు, అధికారులకు మరియు అతిథులకు ప్రభుత్వము ద్వారా గోమాంసమును వడ్డించే సిగ్గుమాలిన ఏర్పాట్ల సమాచారము ఎప్పుడైతే ఢిల్లీలో 5 జనవరి 2010 నాడు హిందుస్థాన్ టాయిమ్స్‌లో ముద్రితమైతే పైన పేర్కొన్న వాక్యము యొక్క లేఖకుడు దీనికి విరుద్ధంగా ఆందోళన చేసెను. ఢిల్లీ ముఖ్యమంత్రి శ్రీమతి శీలా దీక్షిత గారిచే 23 జనవరి 2010న మరియు మహామహిమ్ రాష్ట్రపతి శ్రీమతి ప్రతిభా దేవీ సింగ్ పాటిల్‌చే 24 జనవరి 2010న కలిసి రెండు ప్రతినిధి మండలములు తమ విజ్ఞాపనమును ఇచ్చి ప్రభుత్వమును ఈ విదంగా మేల్కొల్పెను. 1994లో చెప్పిన విధంగా చట్ట పరంగా ఢిల్లీలో ఆవులను చంపి, మాంసమును చేసి, తన దగ్గర పెట్టుకోవడము వడ్డించడము లేక బయటినుండి తెప్పించడము నేరము. ఈ చట్టాన్ని ఉల్లంఘించినట్లయితే ఒక సంవత్సరము జైలు శిక్షవడును. దీని పరిణామమే రాష్ట్ర మండల ఆటలలో గోమాంనమును వడ్డించకూడదనే ఆదేశమును రాష్ట్ర పండల ఆటల ఆయోజన సమితి అధ్యక్షుడు సురేశ్ కల్‌మాడే చే ఇవ్వబడినది. ఇది 23 జులై సమాచార పత్రములలో కూడా ముద్రితమైనది. అందువలననే 25 జులై 2010న జంతర్‌మంతర్‌లో అనుకున్న విశాల ప్రదర్శనను మేము ఆపివేసినాము. ఢిల్లీ నగర పాలికలో పక్ష ప్రతిపక్షములు రెండూ కూడా గోమాంసమును వడ్డించే ఈ యోజనను గట్టిగా నిందిచారు. దేశమంతటా కోళ్ళపెంపకము, పందుల పెంపకము, కుందేళ్ళ పెంపకము, చేపల పెంపకము మొదలైన వ్యవసాయ ములను అగ్గువ చేయడము, ఎక్కువ కాలములోను

ఇప్పించడము ఈ దుష్టశక్తుల చేతనే వ్యాపించబడినవి. దీనిచే ఎక్కడైతే మద్యము అమ్మకాలు పెరిగినవో అక్కడ అపరాధముల గ్రాస్ కూడా పెరిగినది. ఇటువంటి దుష్ట శక్తులపై దృష్టిని పెట్టి వారి దుష్ట కోరికలను నఫలము రాకుండా మనము కూడా సావధానముగా, సక్రియముగా మరియు కటిబద్ధులుగా ఉండవలెను.

నిజానికి మన రాజ్యాంగ నిర్మాతలచే రాజ్యాంగాన్ని తయారుచేసే సమయమున ఒక పెద్ద పొరపాటు అనుచ్ఛేదము - 19లో జరిగినది. ఈ అనుచ్ఛేదము యొక్క ఒకటవ ఖండమున వాక్ స్వాతంత్ర్యము, సమ్మేళన స్వాతంత్ర్యము, సంగఠన స్వాతంత్ర్యము, భారతదేశములో తిరగడము, నివసించడము మరియు వ్యాపారము యొక్క స్వాతంత్ర్యము ప్రస్తావింపబడెను. దీనిలో ఏదైనాకూడా వృత్తి, ఉపజీవిక, వ్యాపారము లేక వ్యవసాయము చేసే ఈ వెసులుబాట పేరుతో వధశాలలను నడిపించడము, మద్యము దుకాణములు, బీడీ-సిగరేటు, పాన్, గుట్కా మొదలైన వాటి ఫ్యాక్టరీలు తెరవడము, మాంసము యొక్క వ్యర్థాలతో ఉత్పాదకత తెలువడము, వైశ్యావృత్తిని వ్యవసాయమని మరియు నవుంనకులకు లైసెన్సులు ఇచ్చి మూర్ఖత్వమును పెంచడము మొదలగు అసామాజిక కార్యములు పెరగడానికి మార్గము ఈ అనుచ్ఛేదముతో చూపడుచున్నది. ఏ సమలైంగికత్వము చట్టపరంగా దండనీయ అపరాధముగా ఉండెనో ఇప్పుడు అదే అవియంత్రిత స్వేచ్ఛతో అపరాధము కాదు. వివాహము కాకుండానే స్త్రీ పురుషులు ఒకే ఇంట్లో ఉంటూ వైవాహిక జీవనమును గడపడము లేక పురుషుడు పురుషునితో మరియు స్త్రీ స్త్రీతో వివాహము చేసుకోవడము కూడా ఇప్పుడు చట్ట బద్ధమే అయినది. అందువలన ఈ అనుచ్ఛేదములో సంశోధన చేయడము అనగా వృత్తి, ఉపజీవిక, వ్యాపారము చేత సమాజములో క్రూరత్వము, హింస, వైమనస్వయు, సాంప్రదాయ కత్వము, అశ్లీలత్వము పెరగడము, ప్రకృతి సమతుల్యత చెడిపోవడము లేక పర్యావరణము కలషితము కావడము మరియు ప్రాకృతిక ఆపదల పృష్ఠభూమి తయారు కావడము వ్యక్తి యొక్క శారీరిక, మానసిక, ఆత్మిక స్వాస్థ్యమునకు నష్టము చేకూర్చడము, ఏదైనా విశేష సముదాయము యొక్క ఆస్థ మరియు భావనలను కించ పరచడము ఇటువంటి పనులను సంపూర్ణముగా నిలిపివేయవలెను. నిజానికి ఒకటవ ఖండములో ఈయబడిన వెసులుబాటును ఇదే అనుచ్ఛేదము యొక్క 2, 3, 4, 5, 6, 7వ ఖండములలో ఈ స్వాతంత్ర్యము యొక్క హరణము రాజ్యముచే చేయబడునని విధానమైతే ఉన్నది కాని లోక సమ్మతము యొక్క వివరణ ప్రస్తావించలేదు. రెండవది భారతదేశములే ఏ ప్రాంతములోనైనా నివసించే లేక వ్యాపారము చేసే అధికారము ధారా-370 మరియు 369 ప్రతిబంధించి నవి దీనిని కొన్ని విశిష్ట ప్రాంతములు అనుసరిస్తున్నవి, వలసదారులు ఎంత మంచివారైనా లేక ఉద్యములైనా సరే మరియు వ్యాపారము ఎంత జనకళ్యాణకారమై ఉన్నా సరే. కాశ్మీర్‌లో భారత ప్రభుత్వము ప్రాంతీయ ప్రభుత్వము యొక్క అనుమతి లేకుండా పోస్టాఫీసు తెరవాలన్నా వారికి దీని గురించి భూమి లభించదు. నాగాలైండ్‌లో ఒకవేళ మనము ఏదైనా స్కూలు లేదా ధార్మిక సంగఠనము తయారు చేయలన్నా అక్కడ చేయ లేము. నిజానికి ఇది ఎటువంటి స్వాతంత్ర్యము లేక లోకతంత్రము ? ఈ విషయంపై అంటే లోక సమ్మతిని ఆదరిస్తూ ఉపజీవిక, వ్యాపారమును పరిభాషించడములో విముఖులమై మనము ప్రభుత్వముపై ఒత్తిడి తెచ్చి రాజ్యాంగములో వాంఛిత సంశోధనములు చేయవలెను దానిచే రాసాయనిక ఎరువులు, మాంసము, మద్యము మరియు తంబాకు ఆధారిక ప్రాణాంతక వ్యాపారములను ఆపవలెను.

నిజానికి మనము మాంసాహార విరుద్ధంగా మరియు శాకాహార సమర్ధనంలో ఏ ఆందోళన ప్రారంభించబోవుచున్నామో ఆ ఆందోళనము శ్రమ సాధ్యము, వ్యయసాధ్యము మరియు సమయ సాధ్యము అగను కాని ఒకవేళ దేశంలో ఉన్న ధార్మిక, సామాజిక, శైక్షిక, చికిత్సక, సర్వదయి సంస్థలు, పత్ర పత్రికలు మరియు సోషల్ మీడియా కలిసి కట్టుగా ఈ దిశలో ప్రయత్నించినట్టయితే ఈ ఆందోళన యొక్క సకారాత్మక పరిణామముల చేత మన సమాజము లేక రాష్ట్రము సహజముగా లాభాన్వితమగును. అందుకు వీతీరందరికి మా ప్రార్థన ఏమనగా ఒక సశక్త సభను ఏర్పాటు చేసి, యోజనాయుత మార్గమును స్వీకరించి ఈ ఆందోళనను సఫలము చేయండి. అనువాదకులు

: డా॥ విశ్వశ్రవాచార్య

एकाग्र करने में कभी सहायक नहीं हो सकती।

मूर्ति पूजा की दूसरी हानि यह है कि मूर्ति पूजक समझता है कि मूर्ति अर्थात् देवता अर्थात् ईश्वर केवल मन्दिर में है, मन्दिर से बाहर नहीं, अतः मन्दिर से बाहर याद न करने की उसे छुट मिल जाती है। आपने मूर्ति पूजकों को अक्सर यह कहते सुना होगा कि चलो मन्दिर में चल कर शपथ लो कि यह कार्य तुमने नहीं किया। मैं मूर्ति के सामने यह घोषणा करता हूँ कि जो कुछ मैंने कहा है सत्य कहा है। मन्दिर के अहाते में पाप करने में भी उसे डर नहीं लगता और जब उसे कसम उठानी होती है तो मूर्ति पर हाथ रखकर शपथ लेता है। क्योंकि अब वह यह समझने लगा है कि परमात्मा केवल मूर्ति में ही है, अन्यत्र कहीं नहीं है। बात सीधी है मूर्ति पूजक का भगवान् एक देशीय होता है, इस वास्ते जहाँ भी वह न हो वहाँ पाप करने में उसे झिझक नहीं होती। फिर मूर्ति पूजक की यह धारण कि चाहे कितना ही बुरा पाप कर लूँ मूर्ति के दर्शन करने उसका चरणामृत पीने, उस पर जल चढ़ाने, उसका प्रसाद बाँटने, उसके आगे माथा टेकने आदि से पापों के फल से छुटकारा मिल जाएगा अतः ''भैया भये कोतवाल डर काहे का'' वह जी खोलकर पाप करता है और जी खोलकर पापों की निवृत्ति भी करा लेता है। मूर्ति पूजक कहता है :-

अकाल मृत्यु हरण सर्व व्याधि विनाशनम्। विष्णु पादोकम्, पीत्वा पुनर्जन्म न विद्यते ।।

अर्थात् विष्णु का चरणामृत अकाल मृत्यु से बचाता है, सब बीमारियों को दूरकरता है और पुनर्जन्म से छुटकारा दिलाता है।

जिसके पास ऐसी संजीवनी बूटी हो वहपाप करने से भला क्यों डरे।

मूर्ति पूजक का विश्वास होता है कि भगवान् भक्ति से प्रसन्न होते हैं, गुणों से

नहीं। उन्होंने ध्रुव की आयु नहीं देखी थी। राज और ग्राह की लड़ाई में गज की रक्षा किसी विद्या के कारण नहीं की थी, दासी पुत्र विदुर की जाति नहीं देखी थी, कन्स के पिता उग्रसेन की वीरता नहीं देखी थी, सुदामा का धन नहीं देखा था, परमेश्वर गुण नहीं देखते भक्ति देखते हैं।

अपि चेत्सु दुराचारो भजते मामनन्य भाव। साधु रेव समन्तव्यः सम्यक व्यविसितो हि सि ॥

अपि चेदसि पापेभ्यः सवैभ्य पाप कृत्तमः। सर्व ज्ञान प्लवेनैव वृजिन सन्तरिष्यासि तेरा कहीं यदि पापियों से घोर पापा चार हो। इस ज्ञान नैया से सहज में पाप सागर पार हो ॥

जो अनन्य भाव से मुझे भजता है जो भक्त है यदि वह दुराचारी भी हो उसकी साधु ही जानना चाहिए इस मान्यता का परिणाम है कि लम्पट साधू संन्यासी पण्डे और पुजारी कितने ही पापी और दुराचारी होते हुए भी पूज्य माने जाते हैं और उनको भंग सुल्फा आदि साधन भी दिए जाते हैं। हमारे पड़ोस में देवी का जागरण होता था और गाने वालों का नेता उस्ताद अथवा गुरु आगे बोलने वाला शराब पीकर बोलता था, क्योंकि उसके बिना सारी रात कैसे जागे। इस पर भी लोग जानते हुए उसे देवी का भक्त मानते थे। इससे सिद्ध होता है कि मूर्ति पूजक इस मान्यता के अनुसार घोड़े गधे को एक बराबर समझता है।

चारों वेदों में कहीं भी नहीं कहा गया है कि भगवान् की मूर्ति बना कर पूजनी चाहिए। मूर्ति किस चीज की बननी चाहिए सोने, चाँदी की, संगमरमर की, मिट्टी की, पीतल-ताँबे की, पत्थर की अथवा, सीमेन्ट की। और फिर कितनी बनाई जाएँ चार, आठ अथवा दस या बीस। वेद में तो स्पष्ट आता है :-

"न तस्य प्रतिमा यस्य नाम महद्यशा"

उस परमेश्वर की मूर्ति नहीं है, उसका नाम महान् यश वाला है। इससे सिद्ध होता है कि मूर्ति पूजा सर्वथा वेद विरुद्ध है और लोगों ने अपना उल्लू सीधा करने, भोले-भाले व्यक्तियों को फंसाने के लिए ढोंग चलाया था और लकीर के फकीर लोग अब भी उसी रास्ते पर चले जा रहे हैं। वास्तव में वेद विरूद्ध कर्मों का करना पाप और अधर्म है।

मूर्ति पूजा के कारण तो मन्दिर में अपार धन आता है, वह निरर्थक बन्द पड़ारहता है। करोड़ों रुपए व्यय करके मन्दिर बनवाये जाते हैं। लाखो रुपए तुलसी सालग राम की शादी में खर्च कर दिए जाते हैं जबकि देश के अनगिनत लोगों को रात में भूखा सोना पड़ा है। उनके पास तन ढापने के लिए कपड़ा नहीं है, लाखों विधवाएँ असहाय होती है। लाखों अनाथ बालक भटकते फिरते हैं, देश में निर्धनता का नंगा नाच देखने में आता है। यदि यह करोड़ों ही नहीं अरबों रुपयों की धन राशि देश के हित में लगाई जाए तो देश का बेड़ा पार हो जाए और सभी निवासियों का भी कल्याण हो सकता है।

मूर्ति पूजा से देश में बेकारी बढ़ती है, हरिद्वार में चले जाइये, हजारों पण्डे हराम की कमाई पर पलरहे हैं। भिख मंगों की संख्या बढ़ रही है। सरकार चाहते हुए भी तीर्थ स्थानों को भिख मंगों से खाली नहीं करा सकती। हज़ारों बालक, बूढ़े स्त्री-पुरुष केवल दूसरों की कमाई पर पलना अपना अधिकार समझते हैं। अकेले जगन्नाथपुरी में ऐसे स्त्री-पुरुषों, बालकों, जवानों और बूढ़ों की संख्या दस हज़ार से कम नहीं जिनका काम दूसरों को ठगकर पेट पालने के सिवाय और कुछ नहीं है। देश में अनाज की कमी है किन्तु वहाँ दो हज़ार हाँडी चावल की प्रति दिन बिकती है और इस प्रकार बीस पच्चीस मन चावल पकाकर लोगों को खिलाकर देश में बेकार लोगों की संख्या बढ़ाई जाती है। इनमें सात सौ परिवार वह हैं जिनका कार्य केवल मूर्तियों का श्रृंगार करना है, नके कपड़े बदलना है। दो हज़ार क्वांरी लड़कियाँ है जो मन्दिर में नाचती हैं औरदेव दासियों कहलाती हैं।ऐसी ही हालत अन्य बहुत से मन्दिरों में है।क्या मूर्ति पूजा से उपरोक्त हानि कुछ कम हानि है।

मूर्ति पूजा लोगों के अन्दर आलस्य, प्रमाद, निकम्मापन, भीरुता उत्पन्न करती है। अपने ऊपर भरोसा नहीं करने देती। मूर्ति पूजक समझने लगते हैं कि मूर्ति देश-विदेश के शत्रुओं से हमारी रक्षा करेगी यदि इनका बस चलेतो फौज़ों को अवकाश दे दिया जाए और विदेशियों से जो संघर्ष चल रहा है, उसे इन मूर्तियों के हवाले कर दिया जाए और सभी लोगों को आदेश दे दिए जाएँ कि वह पैर फैलाकर बेफिकरी नीन्द सो जाएँ। मूर्ति अपनी तथा हमारी रक्षा स्वयं कर लेगी। ऐसा ही सोमनाथ के मन्दिर के ऊपर महमूद गजनवी के आक्रमण के समय हुआ था। कैसा उपहास बना रखा है भगवान् का इन मूर्ति पूजकों ने। दुःख की बात है कि देश से बुद्धिमत्ता वीरता का बहिष्कार इस मूर्ति पूजाने कर दिया और घर-घर में मूढ़ता नपुँसकता का डेरा जमा दिया।

इस प्रकार से मन्दिरों में जो करोड़ों रुपयों की चढ़ावे की धन सम्पत्ति जमा हो जाती है तथा सोने, चाँदी के आभूषण, बरतन रेशमी कपड़े, शाल-दुशाले इकट्ठे हो जाते हैं। आक्रमणकारियों को आक्रमण का बुलावा देते हैं। चोरों डाकुओं के लालच का कारण बनते हैं, भूतकाल में ऐसी बहुत सी घटनाएं घटी है जो उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि करती हैं। और भी अनेकों बुराइयाँ है मूर्ति पूजा की। किन्तु यहाँ इतना ही लिखना कॉफी है। देशवासी सोचे यदि आज की दुनिया में देश को ऊँचा उठाना है तो मूर्ति पूजा को छोड़ना होगा। केवल तपस्या के जीवन से ही देश की समृद्धि हो सकती है और देश शक्तिशाली बन सकता है।

Date of Publication 2nd and 17th of every Month, Date of Posting 3rd and 18th of every Month
आर्य जीवन 18-01-2024 Registered-Reg. No. D/RNP/HCD-783/2024-26 RNI No. 52990 / 93

ఆర్య జీవన్

హిందీ-తెలుగు द्विभाषा పక్ష పత్రిక

Editor : Sri Vithal Rao Arya, M.Sc., L.L.B., Sahityaratna.
Arya Pratinidhi Sabha A.P.-Telangana, Sultan Bazar, Hyderabad-500095.
Phone : 040-24753827, 24756983, Narendra Bhavan : 040-24760030.
Annual Subscription Rs. 250/- సంపాదకులు : విఠల్ రావు ఆర్య, ప్రధాన సభ.

To,

...पृ. ६ का शेष.

है, जिसमें अशान्ति, विक्षोभ और संरम्भ की तरंगें नहीं उठतीं । इन्द्रियों की स्वस्थता में भी मानव तरंगाकुल बना रहता है, तम और रज दोनों गुण उसे सतत विचलित करते रहते हैं । सत् का सम्पर्क ही उसे शान्ति की झलक दिखाने में समर्थ होता है । यह कार्य सत् के प्रथम विकार शुद्ध बुद्धि से प्रारम्भ होता है और उसकी पूर्ण प्रतीति आत्मा के अपने स्वरूप में अवस्थित होने पर होती है । आत्मा का अपना यह रूप शिव है, शान्त है, जहाँ समस्त जागति के प्रपञ्च उपशम को प्राप्त हो जाते हैं । यजुर्वेद के नीचे लिखे मन्त्र में सुख और शान्ति की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करता हुआ भक्त प्रभु के आगे प्रणत होता हुआ कहता है :-

ओ३म् नमः सम्भवाय च, मयोभवाय च, नमः शंकराय च, मयस्कराय च, नमः शिवाय च, शिवतराय च ।

प्रभु ! आप सुख और शान्ति के उत्पन्न करने वाले हैं, आपको मेरा प्रणाम है । आप ही सुख और शान्ति के मूल कारण हैं आपको मेरा नमस्कार है । आप ही शान्त, शिव रूप हैं । आपसे बढ़कर यहाँ अन्य कोई भी शिव-शान्त-रूप नहीं है । आपको मेरा नमस्कार है ।

मन्त्र में प्रणति के साथ साधक का ध्यान प्रभुके दो गुणों की ओर विशेष रूप से है । वे दो गुण शम्भव और मयोभव हैं । शम्, शान्ति का और मयः सुख का नाम है । मन्त्र के प्रथम दो चरण प्रभु को शम्भव और मयोभव तथा शंकर और मयस्कर कहते हैं । सब से बाहर की अवस्था में प्रभु शान्ति और सुख के स्त्रोत स्वरूप में साधक के सम्मुख आते हैं । उसे विश्व की समस्त सुखराशि और शान्ति उन्हीं से निकलती हुई प्रतीत होती है । इसके पश्चात् दूसरी अवस्था उसके कर्तव्य की आती है । जो सुख और शान्ति का स्त्रोत है, उद्भव और जनक है, वही सुख और शान्ति का वातावरण दूसरों के लिए उत्पन्न कर सकता है । मन के वातावरण को सुख और शान्ति से सम्पन्न करने के लिए साधक इसी हेतु प्रभु के चरणों में झुकता है । जैसा पहले लिखा जा चुका है, सुख का सम्बन्ध इन्द्रिय जगत् के साथ है । इसीलिए मन्त्र के प्रथम दो चरणों

आर्य समाज नारायणपेट के अधिकारीयों ने नव निर्वाचित प्रधान प्रो. विठ्ठल राव आर्य का सम्मान किया

में शान्ति के साथ सुख का भी उल्लेख हुआ है । प्रथम चरण बाह्य इन्द्रियों की स्वस्थ अवस्था के लिए सुख और शान्ति की याचना करता है और द्वितीय चरण अन्तःकरण की स्वस्थता के लिए । इसके ऊपर की सूक्ष्म अवस्था आत्मिक जगत् की अवस्था है जहाँ तक पहुँचते पहुँचते सुख पीछे छूट जाता है, केवल शान्ति रह जाती है । मन्त्रके तीसरे चरण में मय अर्थात् सुख का उल्लेख इसी हेतु नहीं पाया जाता । वहाँ शिव और शिवतर दो शब्द आते हैं । आत्मा को इन्द्रियों के सुख के पश्चात् स्वयं शान्त स्वरूप ही बनना है और कुछ नहीं, परमात्मदेव शिव रूप है, कल्याण के केन्द्र है, वे शिवतर हैं, उनसे बढ़ कर अन्य कोई भी सत्ता कल्याणरूपिणी नहीं है, इससे अधिक कुछ भी कहना मन्त्र शक्ति का निरादर करना होगा, अतः श्रुति भगवती प्रभु को शिव तथा शिवतर कहकर ही सन्तोष कर रही है, मानव जीवन के यही प्रमुख दो लक्ष्य हैं :- सुख और शान्ति । महर्षि कणाद ने अपने वैशेषिक दर्शन में इन्हीं को अभ्युदय और निःश्रेयस् कहा है ।

THE VIEWS & THE NEWS PUBLISHED IN THIS ISSUE MAY NOT NECESSARILY BE AGREEABLE TO THE EDITOR.
Editor : Sri Vithal Rao Arya E-mail : acharyavithal@gmail.com, Mobile : 09849560691.
సంపాదకులు : శ్రీ విఠల్ రావు ఆర్య, ప్రధాన సభ, ఆర్య ప్రతినిధి సభ ఆ.ప్ర.-తెలంగాణ, సుల్తాన్ బజార్, హైదరాబాద్-95. Ph : 040-24753827, Email : acharyavithal@gmail.com
संपादक : श्री विठ्ठल राव आर्य, प्रधान सभा ने सभा की ओर से आकृति प्रिन्टर्स, चिक्कड़पल्ली में मुद्रित करवा कर प्रकाशित किया ।
प्रकाशक : आर्य प्रतिनिधि सभा, आं.प्र.-तेलंगाना, सुल्तान बाज़ार, हैदराबाद-500 095. Narendra Bhavan Ph : 040 24760030.